p>

Title: Regarding deployment of armed RPF police to improve law and order in Jehanabad, Bihar.

**श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद):** महोदय, जहानाबाद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत तीन जिले अरवल, जहानाबाद एवं गया अवस्थित है । पूर्व में नरसंहार एवं नक्सली गतिविधियों के कारण पहले भी कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत ही खराब थी । इसी कारण से एसएसबी की एक बटालियन को स्थापित किया गया था । उस बटालियन को सरकार ने स्थानांतरित करने का फैसला किया है । यह फैसला क्षेत्र की सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है । जहानाबाद में आरपीएफ पुलिस स्टेशन के सिपाहियों एवं अधिकारियों को भी बिना हथियार के ड्यूटी करने को कहा जा रहा है, जिससे कभी भी बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है । मैं भारत के गृह मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि इस फैसले पर पुनर्विचार करते हुए एसएसबी की उस बटालियन को वहीं स्थापित रहने दें, जहां पर यह थी । रेल मंत्री जी से आग्रह है कि रेल पुलिस बल को समुचित हथियार के साथ ड्यूटी करने की व्यवस्था करें । धन्यवाद ।